**सड़कों के निर्माण के लिये सहायता**

4727. **श्री मीठालाल मीना** : क्या **परिवहन तथा नौवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने एक ऐसी योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत कुछ विशिष्ट मार्गों पर सड़कों के निर्माण के लिये सहायता की व्यवस्था की गई है;

(ख) यदि हां, तो राजस्थान के इन मार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उनमें से किन मार्गों पर निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है और किन मार्गों पर निर्माण कार्य हो रहा है; और

(घ) किन मार्गों पर निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किया गया है और इसको कब आरम्भ करने का विचार है ?

**परिवहन तथा नौवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री भक्त दर्शन)**: (क) से (घ). राजस्थान में राज्य सड़कों के निर्माण के लिये केन्द्रीय सहायता दो प्रकार से दी जाती है (1) अन्तर्राज्यीय अथवा आर्थिक महत्व की सड़कों के लिये केन्द्रीय सहायता की योजना के अन्तर्गत तथा (2) सामरिक महत्व की सड़कों के निर्माण के लिये। सामरिक महत्व की सड़कों का निर्माण-कार्य उनके बारे में निश्चित की गई प्राथमिकताओं के अनुसार संतोषजनक ढंग से हो रहा है। पहले वर्ग के निर्माण-कार्य से संबद्ध सूचना राज्य सरकार से मांगी गई है और प्राप्त हो जाने पर सभा पटल पर प्रस्तुत कर दी जाएगी।

**राजस्थान सीमा पर डाकुओं का उपद्रव**

4728. **श्री मीठा लाल मीना** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में डाकुओं द्वारा फैलाये गये आतंक को समाप्त करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है;

(ख) क्या सरकार का विचार उपरोक्त राज्यों के परामर्श से अथवा अपने आप वहां पर सेना भेजने का है;

(ग) यदि हां, तो कब; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकारों ने सूचित किया है कि उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस की गतिविधियों को तीव्र करने के प्रबन्ध किये हैं। समीपवर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों से आवश्यक समन्वय स्थापित किया जा रहा है। ऐसे क्षेत्रों में पुलिस चौकियों को अतिरिक्त संचार सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

(ख) से (घ). ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है क्योंकि अपने इलाकों में डाकुओं की समस्या को हल करने के लिये राज्य सरकारों ने आवश्यक प्रबन्ध कर दिए हैं।

**USE OF RECONDITIONED BATTERIES**

4729. SHRI KAMESHWAR SINGH : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether re-conditioned batteries are permitted by D.G.C.A. to be used in the Aircrafts of the Indian Airlines corporation;

(b) whether technique of re-conditioning is foreign; and

(c) if not, whether it has been evolved and developed by the I.A.C. technicians?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. KARAN SINGH) : (a) No, Sir.

(b) and (c). It is not the normal practice to use rebuilt batteries on aircraft, as battery failure can cause total power failure thereby endangering the safety of the aircraft and the lives of the passengers and crew. Installation of rebuilt batteries as a result of the method suggested by a mechanic of the I.A.C. was, therefore, not accepted.